हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026

06 बीनागंज में अतिक्रमण पर कार्रवाई नगर परिषद ने ...



07 अशोकनगर में गैस सिलेंडर की किल्लत ! कालाबाजारी के आरोप






## समाचार संक्षेप

### स्वामी अनिरुद्ध वन महाराज की पदयात्रा का आज गुना में भव्य स्वागत

गुना। धूमेश्वर धाम (भितरवार) के महंत महामंडलेश्वर स्वामी अनिरुद्ध वन महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही 460 किमी लंबी पदयात्रा का मंगलवार को गुना नगर में भव्य स्वागत होगा।यह पदयात्रा 12 मार्च से प्रारंभ होकर कोलारस, गुना और ब्यावरा होते हुए 24 मार्च को महाकाल मंदिर पहुंचेगी। मंगलवार सुबह 10 बजे यात्रा बिलोनिया, नानाखेड़ी हनुमान चौराहा और जयस्तंभ चौराहे से होते हुए मानस भवन पहुंचेगी।इस दौरान दोपहर 12 बजे महाराज जी श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में पूजन-अभिषेक करेंगे। शहरवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संत का आशीर्वाद लेने की अपील की गई है।

### बिजली कर्मचारी महासंघ का आंदोलन शुरू, 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चेतावनी



गुना। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। कर्मचारियों ने मांगों का निराकरण नहीं होने पर प्रदेश में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की चेतावनी दी है। संघ की प्रमुख मांगों में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों का समाधान, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करना, आउटसोर्स श्रमिकों के लिए निगम मंडल की स्थापना तथा विद्युत पेंशनरों को कोषालय के माध्यम से पेंशन भुगतान शामिल है। आंदोलन के पहले चरण में 16 मार्च को जिला स्तर पर ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और लगभग 150 कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने फरवरी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान किया




गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा माह फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त हुये 06 कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग से गणेशराम बिनेश तथा श्रीलाल वास्त्री, जनपद पंचायत गुना रामवीर सिंह रघुवंशी, शिक्षा विभाग से राम सिंह रघुवंशी, वन विभाग से राजकुमार शर्मा तथा एसएएफ से भानूप्रकाश सिंह को पीपीओ आदेश प्रदान किये गये।

### 7 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन शुरू, 27 केंद्र निर्धारित किए गए

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा उनके हितों के संरक्षण के लिए शासन के निर्देशानुसार विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु 27 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 07 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगी। गेहूं उपार्जन के लिए जिले में विकासखंड एवं तहसीलवार कुल 27 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें विकासखण्ड गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. म्याना, नानाखेडी, करोद एवं गुना, विकासखण्ड बमोरी अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बमोरी, सेवा सहकारी समिति मर्या परवाह, सेवा सहकारी समिति कालोनी एवं पाडोन, विकासखण्ड आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या सालय, सालय 2, पनवाड़ी हाट विपणन सहकारी समिति आरोन, सेवा सहकारी समिति मूडराखुर्द, खजूरी खामखेड़ा, विकासखण्ड राघौगढ अंतर्गत सेवा सहाकरी संस्था डोंगर, गावरी,रामनगर, राघौगढ, तहसील मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. जामनेर, डोंगरमोतीपुर, सेवा सहाकरी समिति उकावद एवं नसरीपुर, विकासखण्ड चांचौड़ा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या पेंची एवं मार्केटिंग बीनागंज तथा तहसील कुंभराज अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कुंभराज एवं मार्केटिंग बीनागंज को निर्धारित किया गया हैं।

# चैत्र नवरात्र में मां महाकाली का भव्य दरबार सजेगा

### गुना में होगी धूमधाम से अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर शहर के तलैया मोहल्ला में इस वर्ष भी मां महाकाली का भव्य दरबार सजने जा रहा है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी यह झांकी शहर के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहने वाली है। आयोजन समिति के अनुसार यहां लगने वाली झांकी को देखने के लिए गुना ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु विक्की छारी ने बताया कि शारदीय नवरात्र में तो कई वर्षों से झांकी लगाई जा रही है, लेकिन चैत्र नवरात्र में मां का भव्य दरबार सजाने की परंपरा पूरे मध्यप्रदेश में खास तौर पर गुना के तलैया मोहल्ला में ही देखने को मिलती है।इस बार मां महाकाली की 9 फीट ऊंची प्रतिमा जबलपुर के प्रसिद्ध कलाकार विजय सोनकर द्वारा तैयार की गई है। माता



की प्रतिमा शाम करीब 5 बजे गुना पहुंचेगी। इसके बाद हनुमान चौराहा से ढोल-नगाड़ों और भक्तों की जयकारों के साथ भव्य अगवानी करते हुए झांकी पांडाल तक ले जाया जाएगा। 19 मार्च को विधि-विधान के साथ घटस्थापना की जाएगी और साथ ही शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी होगा। नौ दिनों तक माता का दरबार सजेगा, जिसमें तीसरे दिन भव्य जागरण आयोजित होगा। वहीं दशमी के दिन नौ फीट ऊंची माता की प्रतिमा पालकी में कंधों पर उठाकर झांकी स्थल से सिंगवासा तालाब तक विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इस झांकी की खास बात यह भी है कि समिति किसी से चंदा नहीं मांगती। आयोजन में कार्यकर्ता अपनी एक माह की तनख्वाह या मजदूरी से योगदान देते हैं। साथ ही झांकी परिसर में यह संदेश भी दिया जाएगा कि जुआ-सट्टा या गलत तरीके से कमाए गए पैसे का दान स्वीकार नहीं किया जाएगा।आयोजन समिति ने शहर के सभी श्रद्धालुओं से मां महाकाली के दरबार में पहुंचकर दर्शन करने का आग्रह किया है।

### केंद्रीय मंत्री ने एफडीडीआई का दौरा किया, सैंडल बनाने वालों की तारीफ की

# गांव के हुनर को विश्व स्तर पर दिखाना हमारा उद्देश्य: सिंधिया





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को गुना स्थित 'फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट' एफडीडीआई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह संस्थान शहर से दूर गांव में स्थित है हमारा उद्देश्य है कि गांव के हुनर को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि विश्व स्तर पर हमें दिखाना है, उन्होंने महात्मा गांधी के सपने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिजन का भी जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और यहां पर बनाए गए सैंडल को हाथ में लेकर उसकी गुणवत्ता को जांचा परखा और बनाने वालों की तारीफ की।वहां शिक्षा प्राप्त कर रहे भविष्य के डिजाइनरों से सीधा संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

#### विद्यार्थियों के नवाचार की प्रशंसा

संस्थान के दौरे के दौरान सिंधिया ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न फुटवियर और डिजाइन उत्पादों की प्रदर्शनी देखी। उन्होंने बारीकी से एक-एक उत्पाद की जानकारी ली और छात्रों द्वारा इस्तेमाल की जा रही आधुनिक तकनीकों की सराहना की। सिंधिया ने कहा कि युवाओं में छिपी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल ही 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

#### कौशल विकास पर दिया जोर

विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फुटवियर और डिजाइनिंग के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नवाचार पर ध्यान दें और गुणवत्ता के मामले में अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाएं।

सिंधिया ने संस्थान के फैकल्टी सदस्यों से भी मुलाकात की और गुना के इस केंद्र को देश के अग्रणी संस्थानों में स्थापित करने के विजन पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान प्रबंधन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### जिला अभियोजन संचालनालय गुना में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला अभियोजन संचालनालय गुना में प्रभारी उपनिदेशक हजारीलाल बैरवा के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शअमिताभ मिश्रा, विशेष न्यायाधीश राधा कृष्ण मालवीय, जिला न्यायाधीश शैलजा गुप्ता और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मुले ने किया।कार्यशाला में अभियोजन अधिकारियों को न्यायालय में अपने कर्तव्यों की जिम्मेदारी, पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता और बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। श्रीमती सोनाली शर्मा, राधाकिशन मालवीय और अन्य न्यायाधीशों ने पोक्सो मामलों और न्याय के निष्पक्ष पालन पर विशेष जोर दिया।उपस्थित अभियोजन अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से उनके ज्ञान और दक्षता को बढ़ाकर न्यायालय में राज्य पक्ष को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का समापन आईपी मिश्रा ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया। मंच संचालन और आभार प्रदर्शन संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना में क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जिला चिकित्सालय गुना में 16.86 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवीन क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का विधिवत लोकार्पण किया। इस आधुनिक केंद्र में 50 बिस्तरों की सुविधा, दो अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर और 24×7 आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हैं।श्री सिंधिया ने कहा कि यह केंद्र कोविड जैसी आपदा और गंभीर मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अस्पताल में पाइपलाइन से ऑक्सीजन सुविधा और अत्याधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया और गुना में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विकास कार्यों की निरंतर प्रगति पर जोर दिया। इस अवसर पर गुना के विधायक, पूर्व मंत्री, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अमृत सीवरेज योजना के तहत निर्मित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में गुना विधायक पन्ना लाल शाक्य, कोलारस विधायक महेंद्र रामसिंह यादव, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, सीएमओ सुश्री मंजूषा खत्री सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।




### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला आरोन में 25 को

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार सम्बंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं।इसी क्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व जिला रोजगार अधिकारी बी एस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 25 मार्च को शास. महाविद्यालय तहसील आरोन जिला गुना में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वी/10वी/12वी/स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 बर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते है। युवा संगम में संबंधित विभागो द्वारा अलग अलग स्वरोजगार/ हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा। युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवक युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही हैं।

### "सम्मान से दी ट्रायसिकल... चौराहे तक पहुंचते ही टूटी उम्मीद "

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथों सर्किट हाउस में ट्रायसिकल पाकर हर किसी की आंखों में उम्मीद थी।लेकिन कुछ ही देर बाद यह खुशी चिंता में बदल गई। सर्किट हाउस से निकले पुरानी छावनी निवासी बुजुर्ग दिव्यांग रामरतन ओझा जब हनुमान चौराहा तक पहुंचे, तो अचानक उनकी नई ट्रायसिकल का रिम चरमरा कर टेढ़ा हो गया। ट्रायसिकल वहीं रुक गई और बुजुर्ग दिव्यांग गिरते-गिरते बच गए।मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। नई ट्रायसिकल का यह हाल देखकर चौराहे पर मौजूद लोगों ने उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठा दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सामग्री केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। अगर गुणवत्ता कमजोर होगी तो यह उनके लिए सहारा बनने के बजाय खतरा भी बन सकती है। इस घटना ने एक सवाल जरूर खड़ा कर दिया है—क्या दिव्यांगों को मिलने वाली मदद सिर्फ फोटो और कार्यक्रम तक ही सीमित रह जाती है?



#### केंद्रीय मंत्री सिंधिया का त्वरित एक्शन स्वयं टीम भेजकर लाभार्थी तक पहुंचवाई नई ट्रायसिकल

गुना। गुना में दिव्यांगजन को दी गई ट्रायसिकल में समस्या की जानकारी मिलते ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए ट्रायसिकल तुरंत बदलवाने को कहा।सिंधिया की टीम स्वयं लाभार्थी रामरतन ओझा के घर पहुंची और उन्हें नई ट्रायसिकल उपलब्ध कराई। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट कहा कि दिव्यांगजनों को दिए जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### आत्मा योजना अंतर्गत राघौगढ़ की ग्राम पंचायत भुलाय में कृषक संगोष्ठी संपन्न

# किसानों से जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में विकासखंड राघौगढ़ की ग्राम पंचायत भुलाय में कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन उपसंचालक कृषि संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

संगोष्ठी में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राघौगढ़ श्री संतोष कुमार शर्मा ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किसान किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को पोर्टल पर किसान पंजीयन प्रक्रिया, ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती तथा नरवाई प्रबंधन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात बीटीएम बमोरी मुरारी लाल त्यागी ने किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की विधि एवं उपयोगिता समझाते हुए किसानों को अपने खेत के लिए उत्तम बीज घर पर ही तैयार करने की सलाह दी, जिससे खेती की लागत में कमी लाई जा सके। बीटीएम गुना डॉ. मनमोहन भूरिया ने विभिन्न फसलों में लगने वाले रोग एवं कीटों की जानकारी देते हुए उनके नियंत्रण के उपाय बताए। साथ ही जीवामृत, दशपर्णी अर्क आदि प्राकृतिक खेती के महत्वपूर्ण घटकों को तैयार करने की विधि भी किसानों को समझाई। कृषि विज्ञान केंद्र आरोन के वैज्ञानिक डॉ. वरुण प्रताप सिंह ने किसानों को खेती को लाभ के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन युवाओं के लिए आय का अच्छा साधन बन सकता है। बीटीएम आरोन आर.एस. लोधा ने किसानों को उद्यानिकी फसलों, फल, सब्जी एवं पुष्प की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्होंने किसानों को नर्सरी प्रबंधन के संबंध में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में बीटीएम राघौगढ़ सुनील ने उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में ग्राम पंचायत के प्रगतिशील कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### चाचौड़ा हाईस्कूल में नकल रोकने पर अतिथि शिक्षक से प्राचार्य ने मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चाचौड़ा क्षेत्र स्थित उमरथाना हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा के दौरान गाइड खोलकर नकल कर रहे छात्रों को रोकने पर अतिथि शिक्षक आशुतोष बैरागी से प्राचार्य हरिसिंह चंदेल ने मारपीट की और उनका मोबाइल तोड़ दिया। इस झड़प में शिक्षक की उंगली टूट गई। इस झड़प में अतिथि शिक्षक की उंगली टूट गई। इस दौरान दोनों के बीच मुंहवाद का वीडियो भी सामने आया। शिक्षक ने चांचौड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है और वीडियो साक्ष्य भी प्रस्तुत किया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। डीईओ राजेश गोयल ने कहा कि उन्होंने अभी संज्ञान लिया है और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दौरे के बाद इस पर कार्रवाई करेंगे।

**समाचार संक्षेप**

## आवन में एनएसएस शिविर का हुआ भव्य समापन



**राघौगढ़।** हिन्दुपत इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग राघौगढ़ द्वारा ग्राम आवन में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का भव्य समापन हुआ। 9 मार्च से 15 मार्च 2026 तक आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक एवं सामुदायिक श्रमदान जैसी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि राहुल वत्स, सेक्रेटरी, प्रगति मानव सेवा संस्थान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद सिंह भदौरिया ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा-भाव, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रप्रेम विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. फौजिया बानो ने आभार व्यक्त किया। शिविर के सातों दिनों में आयोजित बौद्धिक सत्रों में डॉ. जे. एल. द्विवेदी, डॉ. हिन्दू सिंह धाकड़, डॉ. जितेन्द्र धाकड़, इंजीनियर रविन्द्र कुशवाहा, डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, संतोष शर्म, डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं डॉ. धनजीत वाकड़े ने स्वयंसेवकों को अपने अनुभवों से ज्ञानवर्धन करते हुए राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. पूजा मिश्रा, प्रो. रश्मि जैन, डॉ. पूजा भाटी, नरेश चंदेल एवं प्रो. गणेश शुक्ला उपस्थित रहे।

## अपनेपन के भाव से ही संभव है अपने गांव का विकासः प्रमोद कुमार

**आरोन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर योजना से सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण( प्रस्फुटन शक्ति संचयन अभियान ) के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण आमखेड़ा सुखा में मंदिर परिसर में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत के संरपच और विकासखण्ड समन्वयक द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया इसके बाद समग्र ग्राम विकास के आयामों और उसके चरणों पर आरोन पेरामाऊटं कोचिंग सेंटर से राहुल शर्मा विस्तार से बतायाद्तिय सत्र में नवांकुर संस्था के सदस्य अनुरोध सिंह ने समिति में दस्तावेजी एवं केसबुक लेजर लिखने की प्रक्रिया को बोर्ड के माध्यम से विस्तार से बताया अमन रघुवंशी ने स्वैच्छिक संगठन का गठन और प्रबंधन पर बताया भोजन के बाद अंतिम सत्र में जन सूचना केंद्र में संस्कार केन्द्र के बारे में प्रमोद कुमार ने बताया यह काम ठीक वैसे ही है जैसे जब मोमबत्ती खुद जलकर समाज को प्रकाश देती है ठीक उसी प्रकार व्यक्ति को अपने समाज में कुछ करने के लिए मोमबत्ती बनकर खुद को जलना पड़ेगा और यह तब ही संभव है जब व्यक्ति उस गांव को अपना गांव के लोगो को परिवार की तरह मानता हो क्योंकि जन सूचना केन्द्र और संस्कार केन्द्र चलाने के लिए उसे कोई परिश्रम नहीं मिलने वाला जबकि वह समय भी देगा अतः उनका मजबूत होना आवश्यक है इस प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समिति के 5-5 सदस्य नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे संचालन छात्र अमन रघुवंशी ने किया आभार एकता स्पोर्ट्स समिति के संयोजक अनुरोध ने माना।

# बीनागंज में अतिक्रमण पर कार्रवाई नगर परिषद ने चलाया अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा सोमवार को एसडीएम रवि मालवीय के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सदर बाजार बीनागंज से लेकर निचले बाजार तक तथा राजीव चौक से चाचौड़ा रोड तक सड़क पर रखे सामान को हटाने की कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान नगर परिषद के अमले ने सड़क पर रखे दुकानों के सामान को जब्त किया तथा कई दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 हजार रुपये की वसूली की गई। अधिकारियों ने बताया कि करीब 24 पेटी सामान सड़क पर रखा पाया गया, जिस पर प्रति पेटी 200 रुपये के हिसाब से चालान काटा गया। कुछ सामान जब्त किया गया जिसे रसीद कटवाने के बाद दुकानदारों को वापस दे दिया गया।इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्री भी जांच के दायरे में रही। मौके पर फूड इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे और आवश्यक निरीक्षण किया।चालानी कार्रवाई के दौरान मनीष जैन, कदीर गोरी, नारायण साहू, अनवर खान सहित लगभग एक दर्जन दुकानदारों पर कार्रवाई की गई।अभियान में नगर परिषद के सीएमओ ओम त्र्यंबकेश्वर मिश्रा, नगर परिषद का अमला, दरोगा तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बीनागंज में भक्तिमय माहौल में मनाई गई मां कर्मा देवी जयंती, शिवदयाल साहू को मिला प्रथम घोड़े पर बैठने का सौभाग्य

**बीनागंज।** बीनागंज में साहू समाज द्वारा भक्तिमय वातावरण के बीच मां कर्मा देवी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निकाले गए चल समारोह और धार्मिक कार्यक्रमों में क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे नगर में भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश हिंदू रक्षा शक्ति संघ के मीडिया प्रभारी एवं समाजसेवी शिवदयाल साहू पुत्र कन्हैयालाल साहू ने चल समारोह में प्रथम घोड़े पर बैठने के लिए 31,000 रुपये की बोली लगाकर यह सौभाग्य प्राप्त किया। जैसे ही उनका नाम घोषित हुआ, उपस्थित समाजजनों ने तालियों और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मीणा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीणा ने शिवदयाल साहू को साफा बांधकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## भदौरा में चलाया रात्रि चौपाल और तालाब सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जन अभियान परिषद, ब्लॉक गुना के अंतर्गत संभागीय प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव के दो दिवसीय भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत भदौरा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

चौपाल में श्री श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को पाँच महत्वपूर्ण बिंदुओं—शिक्षा एवं संस्कार, स्वास्थ्य, पर्यावरण, गाय संरक्षण तथा सामाजिक समृद्धि—पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला समन्वयक मंजूषा सालोमन ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया।अगले दिन सुबह 7 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिंगवासा तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवांकुर संस्था के परामर्शदाता, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने मिलकर लगभग दो घंटे तक तालाब की सफाई की। तालाब में विसर्जित पूजन सामग्री, पॉलिथिन और अन्य कचरे को एकत्र कर करीब 40 कट्टे कचरा नगर पालिका गुना के कचरा वाहन की सहायता से उचित स्थान तक पहुंचाया गया।

तालाब की सफाई के दौरान अमिताभ श्रीवास्तव ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "जल ही हमारे जीवन का आधार है, इसके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। जल को हम बना नहीं सकते, केवल संरक्षित कर सकते हैं। यदि आज हमने जल स्त्रोतों की रक्षा नहीं की तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए यह गंभीर संकट बन जाएगा।"

## कांग्रेस नेता महेंद्र ओझा को मातृ शोक कांग्रेस ने किया शोकसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार ओझा गुना आरोन वाले की पूज्यनीय माता जी श्रीमती कंचन देवी ओझा का विगत दिनों देवलोकगमन हो गया। कांग्रेस के संपर्क कार्यालय गायत्री मंदिर के सामने एक शोक सभा का आयोजन किया गया। दो मिनिट का मौन धारण कर उनकी आत्मा को शांति एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण भार्गव ,कांग्रेस कमेटी जिला गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, रतिराम धाकड़, धर्मेंद्र धाकड़,सत्यनारायण वर्मा, तरुण सेन पार्षद,भगवान सिंह अहिरवार, लखन गिरी महाराज,लक्ष्मी नारायण धाकड़, बृजेश भार्गव,भगवान लाल बरेले, मोहित शर्मा, सहदेव राकेश बाल्मीकि, नबल दामले, रणवीर सिंह कुशवाह आदि उपस्थित थे।



# नई दिल्ली के तरुण खटीक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन




नई दिल्ली के उत्तम नगर में तरुण खटीक नामक युवक की हत्या के मामले को लेकर खटीक समाज एवं विभिन्न हिंदू संगठनों में आक्रोश देखा जा रहा है। इसी को लेकर आरोन में खटीक समाज और समस्त हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में मांग की गई कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों और उनके सहयोगियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर जल्द न्याय दिलाया जाए। साथ ही इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा, यहां तक कि फांसी की सजा दिए जाने की भी मांग की गई।समाज के लोगों ने बताया कि मृतक तरुण खटीक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था, जिसके निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इसलिए शासन से परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग की गई है।इसके अलावा परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने तथा बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी शासन द्वारा लेने की भी मांग रखी गई। समाज के लोगों ने कहा कि मामले में जल्द और निष्पक्ष न्याय नहीं मिला तो समाज में आक्रोश बढ़ सकता है।ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से अपील की गई कि मामले की प्रगति से समाज को अवगत कराया जाए और दोषियों के खिलाफ जल्द कठोर कार्रवाई की जाए।

## जिले के 409 ग्रामीण क्षेत्रों में हो सकती है पानी की समस्या

जिले का जल स्तर 44.25 मीटर पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




जिले में आने वाले दिन ग्रीष्मकाल के हैं इन दिनों में पानी की समस्या शहर से लेकर गांव तक पहुंच जाती है। ग्रामीण अचंलों में पानी की समस्या की जिम्मेदारी पीएचई विभाग के कंधों पर है। जिसे लेकर कार्य योजना भी तैयार की जा रही है जिले में कुल 812 ग्राम हैं। जिनमें 409 ग्राम ऐसे हैं जहां पानी की समस्या आ सकती है। इस तरह की संभावना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जताई है।

कार्यपालन यंत्री कुलदीप कुशवाह ने बताया कि जिले का जलस्तर 44.25 मीटर है, जो गतवर्ष से काफी कुछ ठीक है। हमारा प्रयास यह है कि किसी भी गांव में पानी के परिवहन की समस्या पैदा न हो। जहां पर पानी की समस्या आ सकती है वहां पर नए बोर कराए जाएगें, जहां जल स्तर नीचे चला गया है, वहां पाइप बढ़ाए जाएगें। अगर कोई मोटर की समस्या है तो मोटर के माध्यम से समस्या का निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के 812 ग्रामों में से 196 ग्राम पीएचई विभाग देख रहा है शेष ग्राम जल निगम के अंतर्गत हैं। जल जीवन मिशन का कार्य 2024 तक पूरा होना था लेकिन अब यह कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा होने की डेडलाईन दी गई है। जिले में उच्च स्तरीय पानी की टंकी 328 बनना है 261 का काम चल रहा है और 104 का कार्य पूरा हो चुका है। राजघाट बांध से जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2234 किलोमीटर पाइप लाईन पहुंचना है जिसमें 1973 किलोमीटर पहुंच गई है। इस जलजीवन मिशन के अंतर्गत कार्य समय से पूरा हो सके, जिसे जल निगम पूरा कर रहा है।

देखने में आ रहा है कि पहले पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा था अब पानी की टंकियां बनी हुई लाई जा रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अशोकनगर जिले में कार्यों की प्रगति धीमी है, जबकि अशोकनगर जिले के विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव इसी विभाग के राज्य मंत्री रह चुके हैं। यह क्षेत्र केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव का क्षेत्र है उसके बाबजूद भी जमीनी स्तर पर इस योजना का काम 2024 से बढकर 2026 तक पहुंच गया है। लेकिन इस वर्ष भी यह काम पूरा होता नजर नहीं आता, कछुआ चाल से चल रहे कार्यों से गांव-गांव को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### आरटीई प्रवेश के तहत प्रवेश हेतु अंतिम की आवेदन तिथि 28 मार्च

**अशोकनगर।** आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम 28 मार्च है। साथ ही 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नर्सरी में प्रवेश नहीं होगा। आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, निवास/आय प्रमाण पत्र अभिभावक स्वयं आरटीई पोर्टल, लोक सेवा केंद्र या कियोस्क सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पात्र बच्चों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

## अनूप जलोटा के भजनों पर झूमे श्रोता, देर रात तक चला आयोजन



**अशोकनगर।** कार्यक्रम शुभारंभ के प्रथम दिवस देश के महान भजन गायक अनूप जलोटा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, कौन कहता है भगवान आते नहीं गोपियों के तरह नाचते नहीं जैसे तमाम वह चर्चित भजन सुनाते हुए नजर आए। बैजू बावरा की स्मृति में आयोजित इस संगीत समारोह में कई नामचीन हस्तियां अपनी प्रस्तुती प्रदान कर रही हैं। इस कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय और पड़ोसी जिला ललितपुर उत्तरप्रदेश के कलेक्टर सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मुस्ताक खान, चंदेरी मजिस्ट्रेट मानसी अग्निहोत्री, चंदेरी एसडीम मनीष धनगर, अशोकनगर एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार दिलीप दरोगा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी चंदेरी की अमृत योजना

**लोकार्पण के साल भर बाद ही हौज खास तालाब पर छाया अंधेरा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी ऐतिहासिक नगर को सौंदर्यकरण के दावों की हवा निकलती नजर आ रही है। अमृत योजना के अंतर्गत लाखों की लागत से हौज खास तालाब पर किया गया निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। आलम यह है कि महज एक साल के भीतर ही यहाँ लगाई गई हाई-टेंशन लाइटें दम तोड़ चुकी हैं और पूरा परिसर अंधेरे में डूबा हुआ है।

**लोकार्पण के चंद महीनों बाद ही फुस्स हुईं लाइटें** बता दें कि लगभग एक साल पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बड़े उत्साह के साथ हौज खास तालाब के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया था। शासन का उद्देश्य था कि इस ऐतिहासिक स्थल को पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के लिए आकर्षक बनाया जाए। इसके लिए अमृत योजना से भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी और घटिया सामग्री के उपयोग ने पूरी योजना पर पानी फेर दिया है।

**घटिया सामग्री और भ्रष्टाचार का खुला खेल** स्थानीय निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मानकों की जमकर अनदेखी की गई है डुप्लीकेट लाइटें हाई-टेंशन लाइटों के नाम पर कथित तौर पर निम्न स्तर की और डुप्लीकेट कंपनी की लाइटें लगाई गईं, जो कुछ ही महीनों में जलकर बंद हो गईं। लाइट लगाने के लिए उपयोग किए गए लोहे के खंभे (पोल) भी अत्यंत घटिया गुणवत्ता के हैं, जिनमें अभी से जंग और कमजोरी दिखाई देने लगी है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे हुए हैं। न तो संबंधित कंपनी को नोटिस जारी किया गया और न ही सुधार के लिए कोई कदम उठाए गए। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी अगर जनता को अंधेरा मिले, तो साफ है कि पूर्व के अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत से यह कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा है।

**प्रशासनिक अनदेखी से जनता में रोषः** हौज खास तालाब चंदेरी की पहचान है, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि सरकारी धन का दुरुपयोग केवल ठेकेदार की जेब भरने के लिए किया गया।

## उद्यानिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में उद्यानिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला एवं विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार का आयोजन ग्राम जलालपुर तूमैन विकासखंड अशोकनगर में किया गया। इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जानकारी किसानों दी गई। सहायक संचालक उद्यान गिरवाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वैज्ञानिक डॉ बी. एस. गुप्ता के द्वारा दी गई ओर फूलों की खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को पॉलीहाउस व शेडनेट हाउस में गुलाब की खेती व मधुमक्खी पालन करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील दोहरे के द्वारा नरवाई न जलाने हेतु कृषकों जानकारी दी।

### समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# 'योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता और समन्वय हो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, समय की जवाबदेही एवं समन्वय आवश्यक है। आमजन से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ तुरंत कार्यवाही की जाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने विभागबार प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी विभागों द्वारा समय सीमा के पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करना सुनिश्चित करें। जिन प्रकरणों में उत्तर लंबे समय से लंबित है उनमें तत्काल कार्यवाही कर प्रकरणों का निराकरण किया जाए।



**करीला मेला शांतिपूर्ण आयोजन पर अधिकारियों ने निभाए महत्वपूर्ण दायित्व** बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रंगपंचमी के वार्षिक करीला मेला तथा व्ही आई पी भ्रमण में शांतिपूर्ण आयोजन पर सभी अधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वहन किया है। सभी अधिकारी आने वाले समय में और भी बेहतर कार्य कर तथा व्हीआईपी भ्रमण संबंधी कार्यक्रमों में अपनी भूमिका का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

**संकल्प से समाधान अभियान** शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित संकल्प से सभाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभाग समय पर करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ ही सभी जनपद स्तरों पर शिविरों का आयोजन कर निराकरण में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये गए। शिविरों में पात्र हितग्राहियो को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाएं।

**सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग में करे सुधार** बैठक में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डी एवं सी ग्रेड में आने वाले विभाग मेहनत कर शिकायतों का निराकरण कर ग्रेडिंग में सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि एलपीजी से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

बैठक में जनगणना कार्य,कलेक्टर/कमिश्नर के बिन्दुओं,गेंहू उर्पाजन की तैयारी,जल गंगा संवर्धन अभियान,छीरधारा योजना, कर्मयोगी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन,विक्रमादित्य कार्यक्रम के आयोजन, शिवपुरी में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य कैंप में जिले के मरीजों को पहुंचाने की व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी अल्ताफ हुसैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रफीक खान व अन्य दो लोगों ने पुरानी रंजिस पर से तलवार से हमला कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अखाई कृष्ण निवासी प्रकाश वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय और सतीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायंगा निवासी शिशुपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमरजीत और अभिजीत और राजेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायवेनी निवासी राजवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेश, मोहन और दिलीप लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मोहन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजवेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शाजापुर तिगरी निवासी धर्मेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोने और दिलीप रघुंवशी ने उससे मारपीट की पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलारी मोहल्ला मुंगावली निवासी आरती बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति राजाबाबू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आक्रोशित लोगों ने सड़क पर किया चक्काजाम, प्रशासन की समझाइश के बाद माने

# अशोकनगर में गैस सिलेंडर की किल्लत! कालाबाजारी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी के आरोपों को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। डीसी गैस गोदाम पर गैस सिलेण्डर न मिलने से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सड़क पर सिलेंडर रखकर चक्का जाम कर दिया।

यह चक्का जाम काफी देर तक चला। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वे कई दिनों से सिलेंडर के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें कमी बताई जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सुबह 7 बजे सिलेंडर रिक्शा के माध्यम से बाजार में सप्लाई किए जा रहे हैं और घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति होटलों में की जा रही है। यह घटना दुबे अस्पताल चैराहे के पास हुई। सूचना मिलते ही तहसीलदार भारतेंदु यादव, खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बात की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया। खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनकारी उपभोक्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर नोट कर लिए गए हैं। उन्हें होम डिलीवरी के लिए कहा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी पर सिलेंडर उपलब्ध न होने के बावजूद, उनके घरों तक सिलेंडर पहुंचाए जाएंगे।








चंदेरी में होटलों और रेस्टोरेंटो पर घरेलू गैस सिलेण्डर मिले, जांच दल ने कार्यवाही की। अनुविभाग चंदेरी अंतर्गत संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग की शिकायतें प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल द्वारा छापामार कार्यवाही की गई।

जांच दल में तहसीलदार दिलीप दरोगा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संजीत सिंह चंदेरी, राजस्व निरीक्षक सत्येन्द्र पुरोहित चंदेरी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर रविकुमार शामिल रहे। दल द्वारा अनुविभाग चंदेरी के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जिसमें यादगार रेस्टोरेंट से 02 घरेलू गैस सिलेंडर,मोनू स्वीट्स से 01 सिलेंडर, राज भोजनालय से 01 सिलेंडर, जैन स्वीट्स, दिल्ली, दरवाजा चंदेरी से 01सिलेंडर, भोपाली चाइनीज सेंटर से 01 सिलेंडर घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाए जाने पर गैस सिलेडर जब्त किए गए तथा संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बिजली कर्मचारी महासंग ने भरी हुंकार, प्रदेश में छा सकता है अंधकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मध्यप्रदेश में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा लगातार विद्युत कर्मियों की जायज मांगों के संबंध में लिखित मौखिक निवेदन के उपरांत निराकरण नहीं होने के कारण प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णय के आधार पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है।

जिसमें प्रमुख मांगों के रूप में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करना, आउटसोर्स श्रमिकों को हरियाणा एवं उत्तरप्रदेश की तर्ज पर निगम मंडल की स्थापना करना, विद्युत पेंशनरों की पेंशन भुगतान राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की जाए एवं मंडल के समय से नियुक्त मीटर रीडरों का'संविलियन, साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों अधिकारियों की मांगे के साथ सभी वर्गों के कर्मचारियों की मांगे रखी गई है। कर्मचारियों की मांगे पूरी नही होने के कारण संगठन द्वारा तीन चरणों में आंदोलन की घोषणा की गई है ।

ज्ञात हो कि 06 मार्च 2026 को प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रबंध संचालक, के कार्यालय के बाहर भारी संख्या में संविदा नियमित एवं आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विद्युत कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवम् महामंत्री सहित पूर्व, पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र के महामंत्री की उपस्थिति में ऊर्जा मंत्री के नाम प्रबंध संचालक, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, को ज्ञापन सौंपा गया था। 16 मार्च को अशोकनगर विधुत वितरण कंपनी के डिवीजनल कार्यालय के बाहर सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष हैरी रघुवंशी, चिरोंजीलाल शर्मा, सेवानिवृत्त बाबूजी अजीत जैन, मदन माली, कमलेश जैन, सतीश मिश्रा, हेमंत शर्मा, भरत व्यास, रितिक राठौर, पवन सोलंकी, अंशुल निगम, निशा जादौन, बाबूलाल अहिरवार, नरेंद्र सिंह परते, पंजीलाल मेहरा, विभव गौतम अशोक अग्निहोत्री, अभिषेक राजपूत, दीपक राय, उत्तम पांडे, सूर्यकांत तिवारी, प्रीतम लाल अहिरवार, लीलाधर अहिरवार, दिनेश बर्मन, दशरथ प्रजापति, रामलाल कुशवाहा, अभिमन्यु पटेल, बृजेश पटेल, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, आशीष विश्वकर्मा, बाबूराम पटेल, विनोद कुमार जैन एवं विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के लगभग 50 सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक गया दूसरा आया यही कार्यक्रम चलता आ रहा है

## पीएचई विभाग का कार्यपालन यंत्री कार्यालय 2007 में खुला, 19 वर्षों में 30 अधिकारियों की हुई बदली






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर पीएचई कार्यालय अधिकारियों के स्थायी रूप से न रहने के कारण चर्चाओं में बना है यहां 19 वर्षों में अब तक 30 कार्यपालन यंत्रियों की बदली हो चुकी है इस कार्यालय की शुरूआत गुना से विभाजन के बाद वर्ष 2007 में हुई थी। वर्तमान में नए कार्यपालन यंत्री के रूप में कुलदीप कुशवाह आए हैं, वह इसके पहले गुना में पदस्थ थे। उन्हें अशोकनगर का प्रभार प्रदान किया गया है। अगर 19 वर्षों में बदले गए इन कार्यपालन यंत्रियों की चर्चा करें तो अधिकांश कार्यपालन यंत्री कुछ महिने ही रहे, और स्थानांतरित होकर चले गए। यहां पहले कार्यपालन यंत्री राजेन्द्र सिंह भदौरिया 23/06/2007 को पदस्थ हुए थे और वह 23/10/2007 तक रहे, उनके बाद अशोककुमार मिश्रा आए वह 14/10/2007 से 10/5/2008 तक रहे, फिर ताराचंद पांचाल 11/5/2008 से 16/06/2008 तक रहे यह मात्र एक महीने ही पदस्थ रहे। चैथे अधिकारी के रूप में एसएल धुर्वे आए वह भी एक साल तक पदस्थ रहे, वह 19/06/2008 से 19/06/2009 तक पदस्थ रहे। पांचवे अधिकारी के रूप में बीबी पांडे आए वह 2 माह पदस्थ रहे, 19/06/2009 से 27/08/2009 तक रहे, छटवे अधिकारी के रूप में यूएस पांडे आए और वह 27/08/2009 से 11/09/2009 तक मात्र 15 दिन ही रहे। सातवे अधिकारी के रूप में एसएल तिड़गांव आए वह 11/09/2009 से 08/07/2011 तक लगभग 2 साल रहे।

### 4 वर्ष में 5 अधिकारी बदले

26वें अधिकारी के रूप में एनएस भूरिया 14/07/2023 से 11/03/2024 तक पदस्थ रहे। 27वे अधिकारी के रूप में एसके जाटव 11/03/2024 से 6 माह के लिए पदस्थ रहे। उसके बाद मुकुल भटनागर, अमन दाहिया, आए वह भी कुछ महीने रूककर चले गए। अब प्रभारी अधिकारी के रूप में वर्तमान में कुलदीप कुशवाह कार्यपालन यंत्री का कार्य देख रहे हैं।16 मार्च फोटो न.13 अधिकारियों की पदस्थापना की सूची।

### 2011 से 2017 तक 6 वर्ष में 10 अधिकारी बदले गए

फिर 8वे अधिकारी के रूप में यूएस पांडे आए वह 08/07/2011 से 12/07/2011 तक मात्र 4 दिन रहे। नौवे अधिकारी के रूपए में एचएस धुर्वे आए वह 12/07/2011 से 26/04/2013 तक पदस्थ रहे। 10वे अधिकारी के रूप में यूएस वर्मा 26/04/13 को पदस्थ हुए और 29/11/2013 तक 7 माह पदस्थ रहे। 11वें अधिकारी के रूप में एसएस चैहान 29/11/2013 से 11/12/13 तक मात्र 15 दिन ही पदस्थ रहे। 12 अधिकारी के रूप में यूएस वर्मा 11/12/13 से 03/06/2014 तक पदस्थ रहे। 13वे अधिकारी के रूपमें एसएस चैहान 03/06/2014 से 30/08/2014 तक पदस्थ रहे, 14वे अधिकारी के रूप में सौरभ गोल्या, 30/09/14 से 02/05/2015 तक पदस्थ रहे। 15वे अधिकारी के रूप में 02/05/2015 से 29/06/2015 तक पदस्थ रहे। 16वें अधिकारी के रूप में सौरभ गोल्या 29/06/2015 से 27/05/2016 तक पदस्थ रहे, 17वे अधिकारी के रूप में वीके छारी 27/05/2016 से 10/04/2017 तक पदस्थ रहे।

### 2017 से 2023 तक 8 कार्यपालन यंत्री बदले

विजयपाल सिंह भदौरिया 18वें अधिकारी के रूप में 10/4/2017 से 30/05/2017 तक 20 दिन पदस्थ रहे। 19वे अधिकारी के रूप में वीके छारी 30/05/2017 से 07/07/2017 तक पदस्थ रहे। 20वे अधिकारी के रूप में विजयपाल सिंह भदौरिया 07/07/2017 से 03/08/2017 तक पदस्थ रहे, 21वे अधिकारी के रूप में 03/08/2017 से 18/12/2017 तक पदस्थ रहे। 22वे अधिकारी के रूप में एसके जाटव 18/12/2017 से 07/08/2019 तक पदस्थ रहे। 23वे अधिकारी के रूप में केएस पवार 07/08/2019 से 10/08/2020 तक पदस्थ रहे। 24वे अधिकारी के रूप में वीके छारी 10/08/2020 से 22/02/2021 तक पदस्थ रहे। 25वे अधिकारी के रूप में एसके जाटव 22/02/2021 से 14/07/2023 तक पदस्थ रहे।

## विशेष कैंसर स्वास्थ्य जांच शिविर में 125 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





स्वर्गीय विनोद सिंह रघुवंशी की स्मृति में लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट, ग्वालियर के सहयोग से विशेष कैंसर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रघुवंशी धर्मशाला में किया गया। शिविर में लगभग 125 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई तथा लायंस क्लब की परंपरा के अनुसार ध्वज वंदना की गई, जिसे क्लब के सदस्य लायन रिंकेश कंसल द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी उपस्थित रहीं। शिविर में ग्वालियर से लगभग 20 सदस्यीय मेडिकल स्टाफ की टीम पहुंची, जिसमें 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में मुख्य रूप से फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी की 5 जांच, प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन की 10 जांच, मैमोग्राफी (स्तन कैंसर जांच) की 18 से अधिक जांच, पैप स्मीयर (महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच) की 14 से अधिक जांच तथा पंच बायोप्सी की 1 जांच की गई।

डॉ. गुंजन श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में लोगों को कैंसर के प्रति सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए समय-समय पर जांच कराना और किसी भी लक्षण पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अपने संबोधन में लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

सीएमएचओ अलका त्रिवेदी ने कहा कि कैंसर की समय पर पहचान होने से उसका उपचार संभव हो जाता है, इसलिए लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। लायंस क्लब अध्यक्ष अभिजीत जैन ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। ग्वालियर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों में सीनियर डॉ. आर.के. जैन, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. दीपक शाक्य, डॉ. संजना, डॉ. राजकुमार तथा डॉ. संतोष शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन संजय रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा सभी डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ को मोमेंटो और उपहार भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।अंत में लायन विकास रघुवंशी द्वारा सभी अतिथियों, डॉक्टरों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी अध्यक्ष अभिजीत जैन, सचिव विकास रघुवंशी तथा कोषाध्यक्ष गिरीश गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सांदीपनी विद्यालय के तीन छात्रों ने की परीक्षा उत्तीर्ण



*पिपरई। नगर के सांदीपनी विद्यालय के कैंपस-2 के तीन होनहार छात्रों ने मिन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। शासकीय सीएम राइज विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र निखिल पुत्र हरिओम कुशवाह, सक्षम पुत्र अमित सेन,राहुल पुत्र चुन्नी लाल कोरी 2026 की राष्ट्रीय मेरिट मींस की परीक्षा पास की है। प्रधान अध्यापिका रेखा विश्वकर्मा ने बताया कि तीनों छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक अध्यनरत रहने पर प्रतिवर्ष 12000 रुपए केंद्रीय सरकार की तरफ से मिलेंगे। छात्रों ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। परीक्षा में उत्तीर्ण होने की खबर मिलते ही परिजनों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं परिजनों और परिचितों ने भी छात्रों की इस सफलता पर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।*




## जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 संशोधित नियम 2017 के कार्यप्रणाली, विमुक्ति, पुनर्वास एवं अधिनियम के अंतर्गत विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी कार्य योजना के अंतर्गत भिक्षावृति में लिप्त एवं स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों का चिन्हांकन, पुनर्वास पर जोर, समिति द्वारा प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण एवं बाल श्रम करवाने वाले जिले के नियोजन के स्थलों पर अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह, संबंधित अधिकारीगण एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### बिना अनुमति के नहीं हो सकेंगे नवीन नलकूप खनन

# सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






वर्तमान में एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में जनता के लिए पीने के पानी एवं निस्तार की आवश्यकता पूर्ति के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है। जिसे लेकर कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले की समस्त तहसीलों के कुओं एवं नलकूपों का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित किया गया है। बिना अनुमति के जिले में नहीं हो सकेंगें नवीन नलकूप खनन।

सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत जल अभावग्रस्त घोषित किया जाये। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है। सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किये जाने का आशय यह होगा कि इस कार्यालय की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति किसी जलस्त्रोत यथा नदी, बंधान, जलधारा, जलाशय बंधान आदि से सिंचाई या अन्य औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपयोग नहीं कर सकेगा। जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किये जाने का आशय यह भी होगा कि कलेक्टर या इस संबंध में प्राधिकृत अन्य अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी निजी नलकूप खनन नहीं किया जावेगा।

जिले के सतही जल स्त्रोत नदी/नाले के डाऊन स्टीम में सतह के नीचे भूमिगत बहाव रोकने, कलेक्टिंग पाईप/रेडियल कलेक्टर बेल का उपयोग कर जल का उपयोग नहीं किया जावेगा। जिले के पेयजल स्त्रोतों में कुल आवश्यक जल क्षमता के विरूद्ध उपलब्ध जल क्षमता कम है जिले के पेयजल स्त्रोतों से सिंचाई के प्रयोजन के लिए जल के उपयोग पर प्रतिबन्ध लागू होगा। जिले में नदी/नालों पर संचालित उद्वहन योजनाओं में पानी की उपलब्धता के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत व जल उपभोक्ता संस्था की अनुशंसा और जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर इस कार्यालय द्वारा सिंचाई की अनुमति दी जावेगी। जिन नदी, नालो में पानी नहीं बह रहा है, वहाँ नदी/नालों में रूके हुए पानी के लिए कोई अनुमति नहीं दी जावेगी। केंद्रीय शासन एवं उनके उपक्रमों और राज्य शासन के विभागों व उनके उपक्रमों को नलकूप खनन की छूट इस शर्त पर दी जाती है, कि जिस स्थान पर नलकूप खनन किया जा रहा है, वह मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 के अनुसार व्यतिकरण परिक्षेत्र में नही आता हो, अर्थात उस स्थल के 100 मीटर के भीतर कोई ऐसा नलकूप न हो जिस पर सार्वजनिक जल प्रदाय व्यवस्था आधारित हो। उक्त शर्त के पालन की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उपरोक्त अपवादों के अतिरिक्त अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया जाता है। उक्तानुसार निर्धारित क्षेत्रों में नदी/बांधों/नहरों/जलाशयों/ बंधानों से घरेलू प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए पानी का उपयोग नही किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन कर नलकूप खनन करता है तो वह अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत प्रथम अपराध के लिए 5000/-रू0 के जुर्माने से और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए 10000/- रू० के जुर्माने से या कारावास से जो 02 वर्ष तक को हो सकेगा दण्डनीय होगा।

यदि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र में सिंचाई अथवा औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी के उपयोग की अनुमति चाहता है तब वह अधिनियम की धारा 4 व संबंधित नियमों के अन्तर्गत आवेदन संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्रस्तुत करें। इसी प्रकार कोई व्यक्ति नलकूप खनन की अनुमति चाहता है तो अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत आवेदन उक्त प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत नवीन बोरिंग खनन/बोरिंग सफाई के विशेष परिस्थितियों में अनुमति देने संबंधित अधिकार निम्नानुसार अधिकारियों को प्रत्यायोजित किया जाता है। यह आदेश 30 जून 2026 तक,अच्छी वर्षा होने तक प्रभावशील रहेगा तथा आदेश का कढ़ाई से पालन किया जाए।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संचालनालय के कलेक्टर को जारी आदेश

# जिले के पात्र उपभोक्ताओं को मार्च व अप्रैल का एकमुश्त मिलेगा राशन



**इतना ही नहीं, आगे मई एवं जून का भी दिया जाएगा एकमुश्त**

सुनील गोले ⏭ राजगढ़

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत पात्र व्यक्तियों को मिलने वाले राशन के संबंध में अहम आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत पात्र उपभोक्ताओं को न केवल इस मार्च माह बल्कि अगले अप्रेल माह का राशन भी दिया जाएगा। दरअसल, मध्यप्रदेश सरकार की मंशा है कि आपात स्थिति हेतु पूर्व से गोदामों में पड़े गेहूं को खाली करवा दिया जाए ताकि इस नए सीजन के गेहूं के भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### यह लिखा है आदेश में

जारी आदेश के तहत मार्च एवं अप्रेल माह का एकमुश्त राशन वितरण 10 मार्च से 15 अप्रेल 2026 तक किया जाएगा। जिले के सभी राशन दुकान वितरकों/संचालकों को स्पष्टतः यह आदेश जारी हुआ है। दुकान संचालकों द्वारा भी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा में दुकानों पर पहुंचकर अपन गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि प्राप्त लें।

#### मई, जून में भी ऐसा ही होगा

विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को जारी निर्देशों के तहत उक्त दोनों महीनों मार्च एवं अप्रेल के उपरान्त 01 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच मई एवं जून दोनों महीनों का भी इकट्ठा राशन भी जिले के पात्र उपभोक्ताओं को किया जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो मार्च में अप्रेल का भी एवं मई में जून का भी राशन संबंधित उपभोक्ताओं को प्रदाय होगा।

#### इकट्ठा राशन देने का यह है कारण

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

#### इकट्ठा राशन देने का यह है कारण

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

#### सभी सेल्समैन को दे दिए गए हैं आदेश

उक्त संबंध में खाद्य विभाग ने जिले के सभी राशन विक्रेताओं को पूर्व से आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही निर्देशित किया जा चुका है कि अगर किसी विक्रेता के पास स्टॉक में राशन नहीं है तो वो उसका उठाव सुनिश्चित करे ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का कोई


#### फैक्ट फाइल

विभागः खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
जिले में कुल कार्डः 295971
कुल सदस्यः 1289817
फायदाः (1) मार्च और अप्रेल का इकटठा राशन मिलेगा।
(2) मई और जून का भी मई माह में एकमुश्त मिलेगा।

#### इकट्ठा राशन दिया जाएगा

हां यह सही है। शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत मार्च और अप्रेल का इकट्ठा राशन पात्र कन्ज्यूमरों को दिया जाएगा। इसके उपरान्त मई माह में मई एवं जून का भी एकमुश्त राशन प्रदान करेंगे।

**अजीत कुमारी केसरी**, जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य विभाग, राजगढ़



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय,
"ध" खण्ड, प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल- मध्यप्रदेश

क्रमांक 1505
भोपाल, दिनांक 11 मार्च, 2026

प्रति,
समस्त कलेक्टर्स,
मध्यप्रदेश।

विषय- मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह मे दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण करने बाबत्।

संदर्भ- भारत सरकार का पत्र क्रमांक 4-7/2011-PD.I(E-318674 दिनांक 02.03.2026)

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के आलोक में मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह मे दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण किया जाना है, जिसकी समयावधि निम्नानुसार निर्धारित की गई है :-

| क्र. | माह का नाम | उठाव की समय-सीमा | वितरण की समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | मार्च एवं अप्रैल 2026 | 31 मार्च 2026 | मार्च एवं अप्रैल माह का एकमुश्त वितरण 10 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक |
| 2 | मई एवं जून 2026 | 15 अप्रैल से 15 मई 2026 तक | 01 मई से 31 मई 2026 तक |

उपरोक्तानुसार NFSA में सम्मिलित पात्र परिवारों को माह मार्च-अप्रैल, 2026 की एकमुश्त राशन सामग्री 10 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक तथा मई-जून 2026 की एकमुश्त राशन सामग्री 01 मई से 31 मई 2026 तक अनिवार्यतः वितरण किया जाना है, इस संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए :-

1. माह मार्च का आवंटन फरवरी माह में जारी किया जा चुका है तथा अप्रैल, मई एवं जून माह का आवंटन पोर्टल पर पृथक पृथक माहवार एक साथ आनलाईन जारी किया जा रहा है। माह मार्च-अप्रैल, 2026 हेतु आवंटित राशन सामग्री का शतप्रतिशत उठाव दिनांक 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर उचित मूल्य दुकानों पर भण्डारण सुनिश्चित किया जाए, विक्रेता को प्रदाय सामग्री की आनलाईन ट्रक चिट तत्काल प्राप्ति कराई जावे एवं दुकान पर प्राप्त राशन सामग्री का दिनांक 10 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक समस्त पात्र परिवारों को वितरण सुनिश्चित कराया जाए;
2. इसी प्रकार माह मई-जून, 2026 हेतु आवंटित राशन सामग्री का शतप्रतिशत उठाव दिनांक 15 मई 2026 तक पूर्ण कर उचित मूल्य दुकानों पर भण्डारण सुनिश्चित किया जाए, विक्रेता को प्रदाय सामग्री की आनलाईन ट्रक चिट तत्काल प्राप्ति कराई जावे एवं दुकान पर प्राप्त राशन सामग्री का दिनांक 01 मई से 30 मई 2026 तक समस्त पात्र परिवारों को वितरण सुनिश्चित कराया जाए;
3. पात्र परिवारों को राशन सामग्री की मासिक हकदारी का विवरण निम्नानुसार है :-

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, माल व बाइक जब्त

# रंजिश में रिश्तेदार ने की थी महिला की हत्या, जेवर लूटे, घोंटा था गला



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

11 मार्च की रात करारिया थाना क्षेत्र में हुई महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है।

50 वर्षीय महिला सविता राजपूत की हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका ही रिश्तेदार निकला। जिसने पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए महिला को मौत के घाट उतारा। शमशाबाद निवासी आरोपी चंदन सिंह राजपूत उर्फ लल्लू (35) को करीब 5 साल पहले महिला के परिवार के कारण गांव छोड़ना पड़ा था। आरोपी महिला को पहले से जानता था और दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश भी थी। जब आरोपी को पता चला कि सविता राजपूत शादी में आई है तो वह एक दूसरे व्यक्ति के साथ शादी में पहुंच गया। वहां उसने शराब पी इसके बाद रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच वह सविता को अपने साथ ले गया।

गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे ले जाकर महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी और करीब पांच लाख रुपए के जेवर उतार लिए। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया और अपने एक दोस्त के यहां रात बिताई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने की चूड़ियां, चेन, झुमके, मंगलसूत्र और चांदी की अंगूठियां बरामद की हैं। आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## बागरी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2 अप्रैल को

**जीरापुर।** नगर के आवास कॉलोनी में शनि मंदिर के पास स्थित श्री कृष्ण पांडव महाराज खाटू श्याम मंदिर में अखिल भारतीय बागरी समाज की बैठक का आयोजन हुआ। समाज के गणमान्यजनों की उपस्थित में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी दिनांक 2 अप्रैल 2026 को विवाह योग्य युवक-युवतियों हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समिति ने समाजजनों से अनुराध किया है कि वे 18 वर्ष की युवति एवं 21 वर्ष के युवक का पंजीयन सम्मेलन के लिए करवाएं। बैठक में सर्वसम्मति से मदनलाल परोलिया को सम्मेलन अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही बीरम सिंह काशीखेड़ी कोषाध्यक्ष, शिवनारायण गुजराती प्रदेश अध्यक्ष प्रभुलाल टपरियाहेड़ी, मांगीलाल सरपंच, कालूसिंह कोडक्या, शिवलाल मीणागांव, बीरम सिंह काछीखेड़ी, देवसिंह बरमनखेड़ी, बालू सिंह, गणपतलाल, कालूसिंह पड़यिा, जगदीश नाइहेडा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित हुए।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

# मिलावट पर नकेल, कई स्थानों से लिए दूध-घी के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व में दूध एवं दूध निर्मित घी सहित अन्य पदार्थों के मामले सामने आ चुके हैं। कईं डेयरियों से लिए गए सैंपल बाद में फेल निकले जिन पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग ने उचित कार्यवाही की। इसी कड़ी में सोमवार को क्षेत्र के गांव कड़लावद, लीमा चैहान, मांडू एवं नरसिंहगढ़ क्षेत्र में मिलावट की जांच करने विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन जिलाधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि निरीक्षण के तहत दूध से भरे वाहनों को मौके पर ही रुकवाकर दूध के सैंपल लिए गए। सारंगपुर क्षेत्र में मिक्स लिक के दो नमूने गांव से आने वाले वाहनों से लिए गए। इसके साथ ही बृजवासी देसी घी का नमूना गणेश किराना स्टोर से लिया गया। संवासियां गांव में सांवरिया दूध डेयरी के संचालक राधेश्याम के द्वारा गांव से दूध एकत्रित कर लगभग 300 लीटर दूध सारंगपुर शहर स्थित विभिन्न डेयरी में लाकर बेचा जाता था। इलके परहल करे रास्ते में रुकवाकर दूध की जांच की गई एवं मिक्स मिल्क का नमूना लिया।



#### लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद आगे होगी कार्रवाई

इसके साथ ही सुल्तानपुरा गांव में अंकित बैरागी की श्रीराम दूध डेयरी से भी संदिग्घता के आधार पर दूध के सैंपल लिए गए। इस के साथ ही विराज भोजनालय, श्री गणेश किरण गुप्ता किराना गांधी चैक पर भी खाद्य पदार्थों की जांच की गई। जांच के दौरान मिलावटी होने की आशंका में बृजवासी के सैंपल भी लिए गए। सभी सैंपलों को जांच के लिए भोपाल लेबोरेट्री भिजवाया जा रहा है। लैब से रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# कलेक्टर का आदेश, सातों दिन खोली जाएं गैस एजेंसियां

### एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने प्रशासन सख्त



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्धेश्य से से जिले के समस्त गैस वितरकों, एजेंसियों को महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आमजनमानस के जीवन यापन पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिले में स्थित एलपीजी गैस की नियमित एवं सुचारू आपूर्ति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में जिले की समस्त गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सप्ताह के सभी सातों दिन अपनी एजेंसियां खुली रखें। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की बुकिंग के अनुसार एलपीजी गैस का वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशानुसार यह व्यवस्था जनहित को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि आम नागरिकों को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### कंपनी ने काट दी लाइन...

# लोधीपुरा में छाया अंधेरा पानी को तरसे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

जिले के लखनवास क्षेत्र समीपस्थ ग्राम लोदीपुरा में विद्युत विभाग ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिजली बिल जमा न होने का हवाला देते हुए विभाग ने गांव के 11 केवी लाईन से जुड़े बिजली कनेक्शन के को ही काट दिया। विभाग की इस कार्यवाही के बाद न केवल पूरा गांव अंधेरे में साये में है बल्कि पेयजल के लिए भी आमजन परेशान हो रहे हैं।

#### नल-जल योजना हुई ठप पीने के पानी का संकट

बिजली कटने का सबसे बुरा असर गांव की पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। बिजली के अभाव में नल-जल योजना पूरी तरह बंद हो गई है जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। न केवल घरों में बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ गर्मी बढ़ रही है और हम अंधेरे के चलते सो तक नहीं पा रहे हैं। लोदीपुरा के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर तानाशाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने कार्रवाई से पहले न तो कोई लिखित आदेश दिया। न ही गांव में कोई सूचना दी गई। अचानक कनेक्शन काट देने से ग्रामीणों को सम्हलने तक का मौका तक नहीं मिला।

### समय सीमा बैठक में जिलाधीश के निर्देश

# कर्तव्य के प्रति लापरवाहों को प्रशासन ने थमाए शोकाज नोटिस

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभाग प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के समाधान में सक्रियता बरतें तथा अधिक से अधिक



शिकायतों का निराकरण ए-ग्रेड में सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में "संकल्पसेसमाधान" अभियान को गंभीरता से लेते हुए श्रम पदाधिकारी, नगरीय प्रशासन के जिम्मेदारों एवं स्वास्थ्य विभाग की मुखिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना एवं आर्थिकी सांख्यिकी विभाग को भी संकल्प से समाधान अभियान के पोर्टल पर योजनाओं की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक ऐप के माध्यम से नियमित रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर श्री प्रताप सिंह चैहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# साध्वी आर्यिका विशाश्री माता का हुआ सारंगपुर नगर में भव्य मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

दिगंबर जैन समाज के लिए अत्यंत पुण्य और आध्यात्मिक उल्लास से भरा अवसर आया। आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज की रत्नत्रय चंद्रिका गणिनी आर्यिका संघ की अग्रणी साध्वी आर्यिका 105 विशाश्री माता का सारंगपुर में ससंघ मंगल प्रवेश हुआ। संघ में आर्यिका माताजी सहित कुल 15 माताजी विहाररत हैं। संघ शाजापुर मार्ग से होते हुए सारंगपुर नगर में पहुंचा।

माताश्री के संध की अगवानी पर बड़ी संख्या में समाज जन कालीसिंध नदी स्थित पेट्रोल पंप के समीप एकत्रित हो हुए एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ आर्यिका उनकी मंगल अगवानी की। इसके साथ ही समाजजनों ने विनयपूर्वक वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात संघ को नगर में प्रवेश कराया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आर्यिका माताजी को ससंघ बस स्टैंड स्थित एक परिसर में विराजित कराया गया। यहाँ समाजजनों द्वारा पूर्ण श्रद्धा और नियमपूर्वक उनकी आहारचर्या सम्पन्न कराई गई। आहारचर्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएँ उपस्थित रहे और सभी ने धर्मलाभ प्राप्त किया।



## आज से जीरापुर में बहेगी शिव महापुराण की ज्ञानगंगा

**जीरापुर।** नगर के चामुंडा माता परिसर में मंगलवार 17 मार्च से शिव महापुराण कथा का आयोजन आरंभ होगा। इस वृहद धार्मिक आयोजन के पूर्व नगर में एक कलश-यात्रा निकाली जाएगी। ईश्वर ने इस धार्मिक आयोजन का माध्यम चामुंडा माता मंदिर के समीप के नागरिकगणों को बनाया है। सात दिवसीय शिव-महापुराण में व्यासपीठासीन संत पंडित अनुराग कृष्ण महाराज अपने मुखारविंद से भक्तों को अनेकों कथाओं का श्रवण करवाएंगे। कलश यात्रा आज जनपद पंचायत परिसर स्थित महादेव मंदिर से शाम 4 बजे आरंभ होकर कथास्थल पहुंचेगी। सात दिवसीय आयोजन के तहत शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक संगीतमय कथा का आनंद भक्त, श्रृद्धालुगण लेंगे एवं 23 मार्च को पूर्णाहुति एवं भगवान की प्रसादी के साथ आयोजन का समापन होगा।

### समाज के हित के लिए कार्य करने की सभी से अपेक्षा

# फूलमाली समाज जिलाध्यक्ष ने गठित की जंबोजेट कार्यकारिणी, दी हार्दिक बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

फूलमाली पुष्पद समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने श्री राम मंदिर मुकेरवाड़ी में आहूत बैठक के दौरान अपनी जिला कार्यकारिणी गठित की है। जंबाजेट इस कार्यकारिणी में 05 संरक्षक, 30 सलाहकार, 10 जिला उपाध्यक्ष, 10 संगठन मंत्री, 01 जिला सचिव, 05 जिला सहसचिव, 05 जिला महामंत्री, 10 प्रचार मंत्री, 20 राजनैतिक सलाहकार, 10 विधि सलाहकार सहित 20 लोगों की कोर कमेटी में शामिल किया है।

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे तन, मन, धन से समाज के विकास और उन्नति हेतु कार्य करते रहेंगे। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र में अग्रसर करने के लिए समाज के लोगों की हर संभव मदद करने की अपेक्षा भी नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों से की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में रामचरण पुष्पद, एलएन पुष्पद कैलाश सुमन नरसिंहगढ,. जगदीश पुष्पद राजगढ़, महेश पुष्पद राजगढ़, कमल हिरनखेड़ा, रामबाबू पुष्पद करेडी, शिव रामपुरिया, सीताराम मालाकार जीरापुर, मनोज मालाकार खिलचीपुर, नीरज मालाकार, आनंद मालाकार, जगदीश पुष्पद ब्यावरा, राधेश्याम बागवान तारागंज, विष्णु पुष्पद तारागंज, महेश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद तलेनी, जगदीश पुष्पद पचोर, सुनील पुष्पद पचोर, राधेश्याम, रवि, शिवनारायण पुष्पद, गोरेलाल पुष्पद, रमेश सिसोदिया, हीरालाल पुष्पद, गोपाल पुष्पद, विनोद पुष्पद, धनसिंह पुष्पद, सुरेश पुष्पद, महेंद्र पुष्पद, कैलाश पुष्पद सहित अन्य शामिल हैं। समाज के लोगों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी, सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज हित हेतु कार्य करते रहने की अपेक्षा की है।

